## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक :06.10.2023 समय : 1905

- केंद्र ने कहा कि नागरिक अब सरकार द्वारा जारी किसी भी पहचान और पते के प्रमाण के साथ ड्रोन पायलट बन सकते हैं।
- टैगोर कॉलेज के सभागार में आज हिन्दी पखवाड़े का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।
- राजभाषा सचिव श्री विश्वेन्द्र ने कहा कि द्वीपों में हिन्दी आपसी संपर्क का साधन बनी है–सरकार शासकीय कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास कर रही है।
- नौ अक्तूबर से पोर्ट ब्लेयर से स्वराज द्वीप और लांग आइलैंड होकर रंगत के लिए दैनिक फेरी सेवा शुरू होने जा रही है।

<><><><><><><><><><>

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि अब आम नागरिक सरकार से जारी किसी भी पहचान पत्र और पता प्रमाण के साथ ड्रोन पायलट बन सकते हैं। मंत्रालय ने ड्रोन पायलटों के लिए नया ड्रोन संशोधन विनियम दो हजार तेईस अधिसूचित कर दिया है। संशोधन के बाद यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पासपोर्ट नहीं होने की स्थिति में सरकार द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे सरकारी पहचान और पता प्रमाण पत्र अब रिमोट पायलट सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करने के लिए स्वीकार्य होंगे। मंत्रालय ने कहा कि पासपोर्ट की अपेक्षा ड्रोन पायलट बनने के इच्छुक लोगों के लिए बाधा साबित हो रही थी और सरकार का यह कदम दो हजार तीस तक भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने की दिशा में प्रयास है। नया नियम पिछले महीने की सत्ताईस तारीख से प्रभावी माना जाएगा।

<><><><><><><><><><>

टैगोर कॉलेज के सभागार में आज हिन्दी पखवाड़े का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण और योजना सचिव अर्जुन शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्कूल से निकलने के बाद भी हिन्दी के आधिकारिक प्रयोग को जारी रखना चाहिए। राजभाषा विभाग प्रशासन के कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी के प्रयासों से हिन्दी सहित अन्य स्थानीय भाषाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

राजभाषा सचिव श्री विश्वेन्द्र ने कहा कि द्वीपसमूह में हिन्दी सही मायनों में राजभाषा के रूप में उभर कर सामने आई है। विभिन्न भाषा–भाषी लोगों के बीच हिन्दी आपसी संपर्क का साधन बनी। उन्होंने कहा कि सरकार शासकीय कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि हिन्दी का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए।

राजभाषा के संयुक्त सचिव मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि विभागों के कामकाज में हिन्दी के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। उप–सचिव राजेन्द्र इंदवार ने हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><><><><>

नगरपालिका परिषद की टाउन वेन्डिंग कमेटी के लिए आठ अप्रैल को हुए स्ट्रीट वेंडरों के चुनाव को रद्द कर दिया गया है। चुनाव की नई तिथि बाद में जारी की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया में महिला वेंडरों के लिए सीटे आरक्षित करने को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

इस बीच, परिषद की ओर से टाउन वेन्डिंग कमेटी में निवासी कल्याण एसोसिएशन से प्रतिनिधि शामिल करने को लेकर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। कुल दो प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार भरे हुए आवेदन फार्म को बीस अक्तूबर तक नगरपालिका परिषद के पास जमा कर सकते हैं। प्रतिनिधि का कार्यकाल पांच वर्ष का रहेगा।

<><><><><><><><><><>

केन्द्रीय अपराध शाखा ने कल एक व्यक्ति को एक सौ छः ग्राम नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हवाई अड्डे में तलाशी के दौरान तन्मय नायक नामक एक व्यक्ति के पास से गांजा बरामद किया। यह व्यक्ति कल विमान के जरिए कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर पहुंचा था। नशीले पदार्थ को बैग में छिपाकर रखा गया था। एन.डी.पी.एस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

<><><><><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के युवा शतरंज खिलाड़ी वी. यशवंत को एरिना फीडे मास्टर टाइटल प्राप्त हुआ है। वे विश्व चेस फेडरेशन द्वारा द्वीपों से अंतर्राष्ट्रीय टाइटल प्राप्त करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने हैं। मास्टर यशवंत मॉडल स्कूल पोर्ट ब्लेयर के नवीं कक्षा के छात्र है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में ग्रुप–बी और ग्रुप–सी के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए जुलाई माह में आयोजित हुई कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की आंसर–की प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर जारी कर दी गई है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां नौ अक्तूबर की मध्य रात्रि तक विभाग के भर्ती प्रकोष्ठ को दिए गए मेल के जरिए भेजी जा सकती है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने स्वराज द्वीप से लांग आइलैंड होकर रंगत के लिए नौ अक्तूबर से शुरू होने जा रही दैनिक फेरी सेवा को स्थगित करने का फैसला किया है। इसके स्थान पर अब पोर्ट ब्लेयर से स्वराज द्वीप और लांग आइलैंड होते हुए रंगत के लिए दैनिक फेरी सेवा उपलब्ध रहेगी। यह सेवा नौ अक्तूबर से शुरू होगी। पोर्ट ब्लेयर से शहीद द्वीप, स्वराज द्वीप, स्ट्रेट आइलैंड और लांग आइलैंड होकर रंगत जाने वाली सेवा के साथ ही यह फेरी भी उपलब्ध रहेगी। फेरी सुबह छः बजे पोर्ट ब्लेयर से छूटेगी और आठ बजकर पन्द्रह मिनट पर स्वराज द्वीप पहुंचेगी। यह फेरी स्वराज द्वीप से सुबह साढ़े आठ बजे लांग आइलैंड के लिए रवाना होगी और दिन में साढ़े दस बजे लांग आइलैंड पहुंचेगी। ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट पर फेरी रंगत पहुंचेगी। वापसी में यह फेरी दोपहर एक बजे रंगत से छूटेगी और लांग आइलैंड, स्वराज द्वीप होकर शाम छः बजकर पैंतालीस मिनट पर पोर्ट ब्लेयर आएगी।

<><><><><><><>

हैडो में बिजली वितरण प्रणाली के रखरखाव का कार्य किए जाने के चलते कल सुबह आठ बजे से दिन में एक बजे तक हैडो जेट्टी, फोरशोर रोड और दिलानीपुर में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

उधर, गाराचरमा उप–केन्द्र में दस अक्तूबर से सोलह अक्तूबर तक टेस्टिंग का जरूरी कार्य किए जाने के चलते पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के कई भागों में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक जरूरत के हिसाब से डेढ़ घंटे की बिजली की कटौती की जाएगी।

<><><><><><><>